

# मेरा फरीदाबाद

फरीदाबाद, सोमवार, 11 नवम्बर 2024

www.nationalpraharinews.com

नेशनल प्रहरी दैनिक

# अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में तीन दिवसीय जोनल यूथ फेस्टिवल का भव्य आयोजन

नेशनल प्रहरी/रघुबीर सिंह

फरीदाबाद, 10 नवम्बर। अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में 10 नवम्बर से 12 नवम्बर 2024 तक चलने वाले तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव (जोनल यूथ फेस्टिवल) का आयोजन देवेंद्र कुमार गुप्ता ( अध्यक्ष अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ गवर्निंग बॉडी ) एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता ( महासचिव अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ गवर्निंग बॉडी) एवं डॉ. संजीव कुमार गुप्ता (प्रिंसिपल अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़) के कुशल मार्गदर्शन में, स्टूडेंट वेलफेयर (महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक) के प्रयोजन से हुआ। युवाओं की कलात्मक प्रतिभा एवं अपनी संस्कृति के प्रति लगाव को दर्शाने के उद्देश्य से आयोजित इस तीन दिवसीय जोनल यूथ फेस्टिवल की 43 प्रतियोगिताओं में कुल 40 कॉलेज भागीदारी करेंगे। कार्यक्रम के प्रथम दिन में 33 कॉलेजों के 400 से ऊपर प्रतिभागियों ने भाग लिया। युवा महोत्सव के प्रातःकालीन उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो0 राजबीर सिंह ( कुलपति, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक) और सम्मानित अतिथि डॉ0 शरणजीत कौर ( चेयरपर्सन रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया), प्रो0 रणदीप राणा ( डीन, स्टूडेंट वेलफेयर) एवं सायंकालीन सत्र में मुख्य अतिथि अशोक कुमार मित्तल (सीनियर एडवोकेट) सम्मानित अतिथि डॉ जगबीर राठी (भूतपूर्व डायरेक्टर, स्टूडेंट वेलफेयर एमडीयू रोहतक) एवं महेंद्र गोयल वरिष्ठ सदस्य, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा )उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के स्वागत भाषण के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्रो0 राजबीर सिंह ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों में छुपी असाधारण प्रतिभा की प्रशंसा की और उन्हें अपने जुनून को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।




शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों के बीच संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी बहुमुखी क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करते है। सम्मानित अतिथि डॉ0 शरणजीत कौर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों में संस्कार रोपित करने के साथ साथ जो स्पेशल चाइल्ड्स है उन्हें मुख्य धारा में शामिल करने का अवसर देने की बात कही। प्रो रणदीप राणा ने भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इस प्रकार के कार्यक्रमों को आवश्यक बताया। उन्होंने पूरे क्षेत्र से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को खोजना और उन्हें एक साथ लाने तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाने के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि NEP 2020 शिक्षा के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को अपनाते हुए समग्र विकास और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देता है। अग्रवाल कॉलेज में इस दृष्टिकोण को पूर्ण रूप से अपनाया गया है। अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल और कार्यक्रम के संयोजक डॉ संजीव कुमार गुप्ता ने अग्रवाल कॉलेज की उपलब्धियों को बताते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि क्षेत्रीय युवा महोत्सव का आयोजन हमारे इस विश्वास का प्रमाण है कि शिक्षा को कक्षा की सीमाओं से पार जाना चाहिए। विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को दिखाने के लिए मंच प्रदान करके हम एक अलग सांस्कृतिक शिक्षा को बढ़ावा देते है जो आज के समय की जरूरत भी है। उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों द्वारा अनेक प्रकार की प्रस्तुतियों का जीवंत और उत्साहपूर्ण प्रदर्शन सफलतापूर्वक किया गया।

तत्पश्चात सायंकालीन सत्र के मुख्य अतिथि अशोक कुमार मित्तल (सीनियर एडवोकेट) ने तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव के सफल आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि सफलता के मुकाम पर पहुंचने के लिए प्रबंध, संगठन और नियंत्रण का होना अतिआवश्यक है। यह न केवल अग्रवाल कॉलेज के प्रबंध में बल्कि प्रतिभागियों में भी विशेष रूप से दिखाई देता है। सम्मानित अतिथि डॉ जगबीर राठी (भूतपूर्व अध्यक्ष, स्टूडेंट वेलफेयर एमडीयू रोहतक) ने भी अग्रवाल कॉलेज के प्रबंध की सराहना करते हुए प्रतिभागियों के उत्साह की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

सम्मानित अतिथि महेंद्र गोयल ने भी सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए अग्रवाल कॉलेज को आयोजन की बधाई दी। विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, गायन, हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू पंजाबी कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, संस्कृत भाषण, हरियाणवी स्किट, माइम, संस्कृत नाटक, शास्त्रीय संगीत, कार्टूनिंग, मेहंदी, रंगोली सहित कई प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की संगठन सचिव डॉ सुप्रिया ढांडा के कुशल प्रबंधन में और और अग्रवाल कॉलेज की समस्त प्रबंध समितियों के सहयोग से तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव का प्रथम दिन अनेक प्रतियोगिताओं के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स

हिन्दी दैनिक

वर्ष-13, अंक-312 सोमवार 11 नवम्बर, 2024, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com Satyajay Times satyajaytimes

# अग्रवाल कॉलेज में तीन दिवसीय जोनल यूथ फेस्टिवल का आयोजन

## चेयरमैन देंवेंद्र गुप्ता ने नई शिक्षा नीति 2020 की तारीफ

बल्लबगढ़, 10 नवंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। अग्रवाल कॉलेज में 10 से 12 नवम्बर तक चलने वाले क्षेत्रीय युवा महोत्सव (जोनल यूथ फेस्टिवल) का आयोजन देवेंद्र कुमार गुप्ता (अध्यक्ष अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़, गवर्निंग बॉडी) एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता (महासचिव अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ गवर्निंग बॉडी) एवं डॉ संजीव कुमार गुप्ता (प्रिंसिपल अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़) के कुशल मार्गदर्शन में, स्टूडेंट वेलफेयर (महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक) के प्रयोजन से हुआ। युवाओं की कलात्मक प्रतिभा एवं अपनी संस्कृति के प्रति लगाव को दर्शाने के उद्देश्य से आयोजित इस तीन दिवसीय जोनल यूथ फेस्टिवल की 43 प्रतियोगिताओं में कुल 40 कॉलेज भागीदारी करेंगे। कार्यक्रम के प्रथम दिन में 33 कॉलेजों के 400 से ऊपर प्रतिभागियों ने भाग लिया। युवा महोत्सव के प्रातःकालीन उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो० राजबीर सिंह (कुलपति, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक) और सम्मानित अतिथि डॉ० शरणजीत कौर (चेयरपर्सन रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया), प्रो० रणदीप राणा (डीन,स्टूडेंट वेलफेयर) एवं सायंकालीन सत्र में मुख्य अतिथि श्री अशोक कुमार मित्तल (सीनियर एडवोकेट) सम्मानित अतिथि डॉ जगबीर राठी (भूतपूर्व डायरेक्टर, स्टूडेंट वेलफेयर एम डी यू रोहतक) एवं श्री महेंद्र गोयल वरिष्ठ सदस्य, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा) उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार गुप्ता के स्वागत भाषण के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्रो० राजबीर सिंह ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों में छुपी असाधारण प्रतिभा की प्रशंसा की और उन्हें अपने जुनून को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों के बीच संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी बहुमुखी क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करते हैं। सम्मानित अतिथि डॉ० शरणजीत कौर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों में संस्कार रोपित करने के साथ साथ जो स्पेशल चाइल्डस है उन्हें मुख्य धारा में शामिल करने का अवसर देने की बात कही। प्रो रणदीप राणा ने भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इस प्रकार के कार्यक्रमों को आवश्यक बताया। पूरे क्षेत्र से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को खोजना और उन्हें एक साथ लाने तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाने के लिए आयोजको के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि NEP 2020 शिक्षा के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को अपनाते हुए समग्र विकास और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देता है। अग्रवाल कॉलेज में इस दृष्टिकोण को पूर्ण रूप से अपनाया गया है। अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल और कार्यक्रम के संयोजक डॉ संजीव कुमार गुप्ता ने अग्रवाल कॉलेज की उपलब्धियों को बताते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि क्षेत्रीय युवा महोत्सव का आयोजन हमारे इस विश्वास का प्रमाण है कि शिक्षा को कक्षा की सीमाओं से पार जाना चाहिए। विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को दिखाने के लिए मंच प्रदान करके हम एक अलग सांस्कृतिक शिक्षा को बढ़ावा देते है जो आज के समय की जरूरत भी है। सत्र में प्रतिभागियों द्वारा अनेक प्रकार की प्रस्तुतियों का जीवंत और उत्साहपूर्ण प्रदर्शन सफलतापूर्वक किया गया।

RNI TITLE CODE : HARBIL 01848
वर्ष 05 अंक 256
सोमवार, 11 नवम्बर 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये

हरियाणा से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

सोका टाइम्स

चंडीगढ़, अंबाला, कुरुक्षेत्र, सिरसा, हिसार, करनाल, सोनीपत, रोहतक, भिवानी-महेंद्रगढ़, गुरुग्राम, फरीदाबाद में प्रसारित



बुमराह के लिए कप्तानी शायद सबसे मुश्किल काम है: पोंटिंग

पेज - 12

# अग्रवाल कॉलेज में तीन दिवसीय जोनल यूथ फेस्टिवल का आगाज

संवाददाता। फरीदाबाद

**अग्रवाल** कॉलेज बल्लभगढ़ में 10 से 12 नवंबर तक चलने वाले क्षेत्रीय युवा महोत्सव का आयोजन देवेंद्र कुमार गुप्ता अध्यक्ष अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़, गवर्निंग बॉडी, एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता महासचिव अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ गवर्निंग बॉडी एवं डॉ. संजीव कुमार गुप्ता प्रिंसिपल अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के कुशल मार्गदर्शन में, स्टूडेंट वेलफेयर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के प्रायोजन से हुआ। युवाओं की कलात्मक प्रतिभा एवं अपनी संस्कृति के प्रति लगाव को दर्शाने के उद्देश्य से आयोजित इस तीन दिवसीय जोनल यूथ फेस्टिवल की 43 प्रतियोगिताओं में कुल 40 कॉलेज भागीदारी करेंगे। कार्यक्रम के प्रथम दिन में 33 कॉलेजों के 400 से ऊपर प्रतिभागियों ने भाग लिया। युवा महोत्सव के प्रातःकालीन उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजबीर सिंह कुलपति महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक और सम्मानित अतिथि डॉ. शरणजीत कौर चेयरपर्सन रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया, प्रोफेसर रणदीप राणा डीन, स्टूडेंट वेलफेयर एवं सायंकालीन सत्र में मुख्य अतिथि अशोक कुमार मित्तल सीनियर एडवोकेट, सम्मानित अतिथि डॉ. जगबीर राठी



पूर्व डायरेक्टर स्टूडेंट वेलफेयर एमडीयू रोहतक एवं महेंद्र गोयल वरिष्ठ सदस्य, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के स्वागत भाषण के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजबीर सिंह ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों में छुपी असाधारण प्रतिभा की प्रशंसा की और उन्हें अपने जुनून को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों के बीच संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी बहुमुखी क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करते हैं। सम्मानित अतिथि डॉ. शरणजीत कौर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों में संस्कार रोपित करने के साथ साथ जो स्पेशल चाइल्डस है उन्हें मुख्य धारा में शामिल करने का अवसर देने की बात कही। प्रोफेसर रणदीप राणा ने भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इस प्रकार के कार्यक्रमों को आवश्यक बताया। उन्होंने पूरे क्षेत्र से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को खोजना और उन्हें एक साथ लाने तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाने के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि एनईपी 2020 शिक्षा के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को अपनाते हुए समग्र विकास और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देता है। अग्रवाल कॉलेज में इस दृष्टिकोण को पूर्ण रूप से अपनाया गया है।

अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल और कार्यक्रम के संयोजक डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने अग्रवाल कॉलेज की उपलब्धियों को बताते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि क्षेत्रीय युवा महोत्सव का आयोजन हमारे इस विश्वास का प्रमाण है कि शिक्षा को कक्षा की सीमाओं से पार जाना चाहिए। विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को दिखाने के लिए मंच प्रदान करके हम एक अलग सांस्कृतिक शिक्षा को बढ़ावा देते हैं, जो आज के समय की जरूरत भी है। उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों द्वारा अनेक प्रकार की प्रस्तुतियों का जीवंत और उत्साहपूर्ण प्रदर्शन सफलतापूर्वक किया गया।

तत्पश्चात सायंकालीन सत्र के मुख्य अतिथि अशोक कुमार मित्तल सीनियर एडवोकेट ने तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव के सफल आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि सफलता के मुकाम पर पहुंचने के लिए प्रबंध, संगठन और नियंत्रण का होना अतिआवश्यक है। यह न केवल अग्रवाल कॉलेज के प्रबंध में बल्कि प्रतिभागियों में भी विशेष रूप से दिखाई देता है। सम्मानित अतिथि डॉ. जगबीर राठी पूर्व अध्यक्ष, स्टूडेंट वेलफेयर एमडीयू रोहतक ने भी अग्रवाल कॉलेज के प्रबंध की सराहना करते हुए प्रतिभागियों के उत्साह की भूरी-भूरी प्रशंसा की। सम्मानित अतिथि महेंद्र गोयल ने भी सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए अग्रवाल कॉलेज को आयोजन की बधाई दी। विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, गायन, हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, संस्कृत भाषण, हरियाणवी स्किट, माइम, संस्कृत नाटक, शास्त्रीय संगीत, कार्टूनिंग, मेहंदी, रंगोली सहित कई प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की संगठन सचिव डॉ. सुप्रिया ढांडा के कुशल प्रबंधन में और अग्रवाल कॉलेज की समस्त प्रबंध समितियों के सहयोग से तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव का प्रथम दिन अनेक प्रतियोगिताओं के साथ सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में तीन दिवसीय जोनल यूथ फेस्टिवल का भव्य आयोजन





**अटल हिंद/योगेश गर्ग**

**फरीदाबाद, 10 नवंबर।** अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में 10.11.2024 से 12.11.2024 तक चलने वाले क्षेत्रीय युवा महोत्सव (जोनल यूथ फेस्टिवल) का आयोजन श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता ( अध्यक्ष अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़,गवर्निंग बॉडी ) एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता ( महासचिव अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ गवर्निंग बॉडी) एवं डॉ संजीव कुमार गुप्ता (प्रिंसिपल अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़) के कुशल मार्गदर्शन में , स्टूडेंट वेलफेयर (महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक) के प्रयोजन से हुआ। युवाओं की कलात्मक प्रतिभा एवं अपनी संस्कृति के प्रति लगाव को दर्शाने के उद्देश्य से आयोजित इस तीन दिवसीय जोनल यूथ फेस्टिवल की 43 प्रतियोगिताओं में कुल 40 कॉलेज भागीदारी करेंगे। कार्यक्रम के प्रथम दिन में 33 कॉलेजों के 400 से ऊपर प्रतिभागियों ने भाग लिया। युवा महोत्सव के प्रातःकालीन उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो0 राजबीर सिंह ( कुलपति, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक) और सम्मानित अतिथि डॉ0 शरणजीत कौर ( चेयरपर्सन रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया), प्रो0 रणदीप राणा ( डीन,स्टूडेंट वेलफेयर) एवं सायंकालीन सत्र में मुख्य अतिथि श्री अशोक कुमार मित्तल (सीनियर एडवोकेट) सम्मानित अतिथि डॉ जगबीर राठी (भूतपूर्व डायरेक्टर, स्टूडेंट वेलफेयर एम डी यू रोहतक) एवं श्री महेंद्र गोयल वरिष्ठ सदस्य, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा )उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार गुप्ता के स्वागत भाषण के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्रो0 राजबीर सिंह ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों में छुपी असाधारण प्रतिभा की प्रशंसा की और उन्हें अपने जुनून को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों के बीच संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी बहुमुखी क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करते हैं। सम्मानित अतिथि डॉ0 शरणजीत कौर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों में संस्कार रोपित करने के साथ साथ जो स्पेशल चाइल्डस है उन्हें मुख्य धारा में शामिल करने का अवसर देने की बात कही। प्रो रणदीप राणा ने भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इस प्रकार के कार्यक्रमों को आवश्यक बताया। उन्होंने पूरे क्षेत्र से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को खोजना और उन्हें एक साथ लाने तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाने के लिए आयोजको के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि हुधक 2020 शिक्षा के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को अपनाते हुए समग्र विकास और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देता है। अग्रवाल कॉलेज में इस दृष्टिकोण को पूर्ण रूप से अपनाया गया है। अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल और कार्यक्रम के संयोजक डॉ संजीव कुमार गुप्ता ने अग्रवाल कॉलेज की उपलब्धियों को बताते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि क्षेत्रीय युवा महोत्सव का आयोजन हमारे इस विश्वास का प्रमाण है कि शिक्षा को कक्षा की सीमाओं से पार जाना चाहिए। विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को दिखाने के लिए मंच प्रदान करके हम एक अलग सांस्कृतिक शिक्षा को बढ़ावा देते है जो आज के समय की जरूरत भी है। उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों द्वारा अनेक प्रकार की प्रस्तुतियों का जीवंत और उत्साहपूर्ण प्रदर्शन सफलतापूर्वक किया गया।

तत्पश्चात सायंकालीन सत्र के मुख्य अतिथि श्री अशोक कुमार मित्तल (सीनियर एडवोकेट) ने तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव के सफल आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि सफलता के मुकाम पर पहुंचने के लिए प्रबंध, संगठन और नियंत्रण का होना अतिआवश्यक है। यह न केवल अग्रवाल कॉलेज के प्रबंध में बल्कि प्रतिभागियों में भी विशेष रूप से दिखाई देता है। सम्मानित अतिथि डॉ जगबीर राठी ( भूतपूर्व अध्यक्ष, स्टूडेंट वेलफेयर एम डी यू रोहतक) ने भी अग्रवाल कॉलेज के प्रबंध की सराहना करते हुए प्रतिभागियों के उत्साह की भूरी-भूरी प्रशंसा की। सम्मानित अतिथि श्री महेंद्र गोयल ने भी सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए अग्रवाल कॉलेज को आयोजन की बधाई दी। विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, गायन, हिंदी,अंग्रेजी,उर्दू, पंजाबी कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी, ऑन द स्पॉट पेंटिंग,क्ले मॉडलिंग,संस्कृत भाषण, हरियाणवी स्किट, माइम, संस्कृत नाटक,शास्त्रीय संगीत, कार्टूनिंग, मेहंदी, रंगोली सहित कई प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की संगठन सचिव डॉ सुप्रिया ढांडा के कुशल प्रबंधन में और और अग्रवाल कॉलेज की समस्त प्रबंध समितियों के सहयोग से तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव का प्रथम दिन अनेक प्रतियोगिताओं के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

News21Tv
16h ·

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में जोनल यूथ फेस्टिवल का शुभारंभ

महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के फरीदाबाद - झज्जर जोन के जोनल यूथ फेस्टिवल का रविवार को बल्लभगढ़ अग्रवाल कॉलेज में आगाज हुआ। पहले दिन 40 कॉलेजों में 700 छात्रों ने 20 इवेंट्स में हिस्सा लिया। फेस्टिवल के शुभारंभ अवसर पर एम डी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर राजबीर सिंह, उनकी धर्मपत्नी डॉ॰ शरणजीत कौर मुख्य अतिथि के रूप से मौजूद रहे। उनके साथ डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ॰ रणदीप राणा भी उपस्थित रहे। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव दिनेश गुप्ता व प्रिंसिपल डॉ संजीव गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। फेस्टिवल के आयोजन के लिए छह स्टेज बनाए गए हैं। पहले दिन सभी छह स्टेजों पर इवेंट आयोजित किए गए। सोमवार को दूसरे दिन 18 इवेंट आयोजित किए जाएंगे।
जोनल यूथ फेस्टिवल में फरीदाबाद, पलवल व झज्जर जिले के कॉलेजों से छात्र हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन जनरल डांस इवेंट से फेस्टिवल की शुरुआत हुई। सभी छह स्टेज के हिसाब से बात की जाए तो मुख्य स्टेज पर ग्रुप डांस जनरल, क्लासिकल डांस, हरियाणवी स्किट व माइम इवेंट हुए। दूसरे स्टेज पर सिंग फॉर परेंट्स, टीचर एंड सोल्जर्स व संस्कृत नाटक, तीसरे स्टेज पर गीत, गजल, भजन, फोक सॉन्ग व क्लासिकल म्यूजिक के तीन इवेंट हुए। चौथे स्टेज पर हिंदी कविता पाठ, क्विज व इंग्लिश कविता पाठ की प्रतियोगिताएं हुई। पांचवें स्टेज पर ऑन द स्पॉट पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग व छठे स्टेज पर संस्कृत संभाषण, संस्कृत श्लोकोच्चारण और उर्दू कविता पाठ की प्रतियोगिताएं हुई। मुख्य अतिथि प्रोफेसर



श्लोकोच्चारण और उर्दू कविता पाठ की प्रतियोगिताएं हुई। मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजबीर ने छात्रों से व्यक्तित्व विकास के लिए इस तरह के आयोजनों को जरूरी बताया। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने कहा कि फेस्टिवल छात्रों को उनकी प्रतिभा निखारने के लिए मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस बार जोनल यूथ फेस्टिवल में सभी प्रतिभागी छात्रों को सर्टिफिकेट दिए जाएंगे।

इवेंट्स में दिखी अलग - अलग संस्कृति

रविवार को जनरल डांस के इवेंट में देश की अलग - अलग राज्यों की संस्कृति देखने को मिली। अलग - अलग कॉलेजों के छात्रों ने अवध के नृत्य, बृज के रसिया, पंजाबी डांस, राजस्थान के डांस की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही संस्कृत नाटक में पौराणिक कथाओं की झलक दिखाई दी। कॉलेजों ने अभिज्ञान शाकुंतलम्, रामायण व कैकई संवाद पर आधारित नाटक प्रस्तुत किए। नाटक में छात्रों ने अभिनय के साथ संस्कृत में ही संवाद बोले। हरियाणवी स्किट इवेंट में छात्रों ने लोगों को हंसाने के साथ ही भ्रूण हत्या, बेरोजगारी व लड़कियों के साथ हो रहे अपराधों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। माइम इवेंट काफी रोचक रहा, जिसमें छात्रों ने बिना बोले ही अपने अभिनय के दम पर विश्व शांति, लड़कियों के शोषण को रोकने का संदेश दिए। माइम में किसी कॉलेज ने रामायण की कहानी प्रस्तुत की तो किसी ने रतन टाटा के जीवन को दिखाया। छात्रों ने क्लासिकल डांस में की भी शानदार प्रस्तुत दी। फेस्टिवल की ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ० सुप्रिया ढांडा ने मुख्य स्टेज पर मंच संचालन की जिम्मेदारी बखूबी संभाली। मौके पर एमडी यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर यूथ वेलफेयर डॉ प्रताप राठी, पूर्व डायरेक्टर डॉ जगबीर राठी, डॉ शमशेर सिंह अहलावत, डॉ सुनील शर्मा के साथ अगल - अलग कॉलेजों के प्रिंसिपल व प्रोफेसर मौजूद रहे।

नशे के प्रति जागरूक करने का दिया संदेश

यूथ फेस्टिवल में इस बार छात्रों को नशा मुक्ति को लेकर भी जागरूक किया गया। सभी प्रतिभागी कॉलेजों को स्लोगन लेखन के लिए नशा मुक्ति टॉपिक दिया गया था। कॉलेजों ने स्लोगन तैयार कर उन्हें एक फ्लैक्स पर लिखकर मेजबान कॉलेज में जमा कराए। इन फ्लेक्स को कॉलेज की मुख्य दीवार पर लगाया गया, जहां अधिक से अधिक छात्रों ने इन्हें देख सकें। नशा मुक्ति पर आधारित इन स्लोगनों के माध्यम से छात्रों को जागरूकता संदेश दिया गया।

सेल्फी प्वाइंट रहा आकर्षण का केंद्र

अग्रवाल कॉलेज में लंबे समय के बाद यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इसलिए कॉलेज को काफी अच्छे तरीके से सजाया गया है। कॉलेज में एक सेल्फी प्वाइंट भी बिनाय गया है। हरियाणा आर्ट एंड क्राफ्ट की थीम पर इस सेल्फी प्वाइंट को कॉलेज की प्रोफेसर उषा चौधरी के नेतृत्व में तैयार किया गया। इसमें हरियाणा के ग्रामीण परिवेश को दिखाया गया। यह सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें छात्रों ने खूब मस्ती की और जमकर फोटो खिंचवाए।

आज होंगे 18 इवेंट

फेस्टिवल के दूसरे दिन सोमवार को भी सभी छह स्टेज एक्टिव रहेंगी। इन सभी स्टेज पर कुल 18 इवेंट होंगे। दूसरे दिन स्टेज नंबर एक पर हरियाणवी डांस सोलो मेल व फीमेल, हिंदी नाटक, मिमिक्री, दूसरे स्टेज पर ग्रुप सॉन्ग जनरल इंडियन, हरियाणवी आर्केस्ट्रा, तीसरे स्टेज पर वेस्टर्न ग्रुप व सोलो सॉन्ग, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट चौथे स्टेज पर हरियाणवी कविता पाठ, हिंदी डिबेट व भाषण, पांचवें स्टेज पर पोस्टर मेकिंग, मेहंदी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, कोलाज और छठे स्टेज पर पंजाबी कविता पाठ व इंग्लिश डिबेट प्रतियोगिता आयोजित होगी।

जनतंत्र टुडे





# अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में तीन दिवसीय जोनल यूथ फेस्टिवल का भव्य आगाज़

फरीदाबाद, जनतंत्र टुडे / अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में 10.11.2024 से 12.11.2024 तक चलने वाले क्षेत्रीय युवा महोत्सव (जोनल यूथ फेस्टिवल) का आयोजन श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता ( अध्यक्ष अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़,गवर्निंग बॉडी ) एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता ( महासचिव अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ गवर्निंग बॉडी) एवं डॉ संजीव कुमार गुप्ता (प्रिंसिपल अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़) के कुशल मार्गदर्शन में , स्टूडेंट वेलफेयर (महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक) के प्रयोजन से हुआ। युवाओं की कलात्मक प्रतिभा एवं अपनी संस्कृति के प्रति लगाव को दर्शाने के उद्देश्य से आयोजित इस
तीन दिवसीय जोनल यूथ फेस्टिवल की 43 प्रतियोगिताओं में कुल 40 कॉलेज
भागीदारी करेंगे।

कार्यक्रम के प्रथम दिन में 33 कॉलेजों के 400 से ऊपर
प्रतिभागियों ने भाग लिया। युवा महोत्सव के प्रातःकालीन उद्घाटन सत्र के
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो० राजबीर सिंह ( कुलपति, महर्षि दयानंद
विश्वविद्यालय रोहतक) और सम्मानित अतिथि डॉ० शरणजीत कौर ( चेयरपर्सन
रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया), प्रो० रणदीप राणा ( डीन,स्टूडेंट वेलफेयर)
एवं सायंकालीन सत्र में मुख्य अतिथि श्री अशोक कुमार मित्तल (सीनियर एडवोकेट)
सम्मानित अतिथि डॉ जगबीर राठी (भूतपूर्व डायरेक्टर, स्टूडेंट वेलफेयर एम डी यू
रोहतक) एवं श्री महेंद्र गोयल वरिष्ठ सदस्य, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा
)उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल
डॉ संजीव कुमार गुप्ता के स्वागत भाषण के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि
प्रो० राजबीर सिंह ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों में छुपी असाधारण प्रतिभा की
प्रशंसा की और उन्हें अपने जुनून को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।
शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों के बीच संतुलन बनाए रखने के महत्व पर
जोर देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी बहुमुखी क्षमताओं को
प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करते हैं। सम्मानित अतिथि डॉ० शरणजीत कौर
ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों में संस्कार रोपित करने के साथ साथ जो स्पेशल चाइल्डस है उन्हें मुख्य धारा में शामिल करने का अवसर देने की बात कही। प्रो
रणदीप राणा ने भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इस प्रकार के कार्यक्रमों को
आवश्यक बताया। उन्होंने पूरे क्षेत्र से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को खोजना और
उन्हें एक साथ लाने तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाने के लिए
आयोजको के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि NEP 2020 शिक्षा के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को अपनाते हुए समग्र विकास और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देता है। अग्रवाल कॉलेज में इस दृष्टिकोण को पूर्ण रूप से अपनाया गया है। अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल और कार्यक्रम के संयोजक डॉ संजीव कुमार गुप्ता ने अग्रवाल कॉलेज की उपलब्धियों को बताते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि क्षेत्रीय युवा महोत्सव का आयोजन हमारे इस विश्वास का प्रमाण है कि शिक्षा को कक्षा की सीमाओं से पार जाना चाहिए। विद्यार्थियों  को  विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को दिखाने के लिए मंच प्रदान करके हम एक अलग सांस्कृतिक शिक्षा को बढ़ावा देते है जो आज के समय की जरूरत भी है। उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों द्वारा अनेक प्रकार की प्रस्तुतियों का जीवंत और उत्साहपूर्ण प्रदर्शन सफलतापूर्वक किया गया।

तत्पश्चात सायंकालीन सत्र के मुख्य अतिथि  श्री अशोक कुमार मित्तल (सीनियर एडवोकेट) ने तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव के सफल आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि सफलता के मुकाम पर पहुंचने के लिए प्रबंध, संगठन और नियंत्रण का होना अतिआवश्यक है। यह न केवल अग्रवाल कॉलेज के प्रबंध में बल्कि प्रतिभागियों में भी विशेष रूप से दिखाई देता है। सम्मानित अतिथि डॉ जगबीर राठी ( भूतपूर्व अध्यक्ष, स्टूडेंट वेलफेयर एम डी यू रोहतक) ने भी अग्रवाल कॉलेज के प्रबंध की सराहना करते हुए प्रतिभागियों के उत्साह की भूरी-भूरी प्रशंसा की। सम्मानित अतिथि श्री महेंद्र गोयल ने भी सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए अग्रवाल कॉलेज को आयोजन की बधाई दी। विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, गायन, हिंदी,अंग्रेजी,उर्दू, पंजाबी कविता पाठ,

प्रश्नोत्तरी, ऑन द स्पॉट पेंटिंग,क्ले मॉडलिंग,संस्कृत भाषण, हरियाणवी स्किट, माइम, संस्कृत नाटक,शास्त्रीय संगीत, कार्टूनिंग, मेहंदी, रंगोली सहित कई प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
कार्यक्रम की संगठन सचिव डॉ सुप्रिया ढांडा के कुशल प्रबंधन में और और अग्रवाल कॉलेज की समस्त प्रबंध समितियों के सहयोग से तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव का प्रथम दिन अनेक प्रतियोगिताओं के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

आने पर विधु
मुझे डांटा था:
मिताभ बच्चन
p4

नवभारत टाइम्स NBT
Faridabad Times
masalamix
MONDAY, 11 NOVEMBER 2024

अनदेखी से करोड़ों की कोठियों की चमक फीकी p2



# डांस, नाटक और उर्दू कविता में दिखी युवाओं की काबिलियत

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के जोनल यूथ फेस्टिवल का रविवार को अग्रवाल कॉलेज में आगाज हुआ। पहले दिन 40 कॉलेजों के 700 छात्रों ने 20 इवेंट्स में हिस्सा लिया। फेस्टिवल के शुभारंभ अवसर पर एमडी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर राजबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। फेस्टिवल के आयोजन के लिए छह स्टेज बनाए गए हैं। पहले दिन सभी छह स्टेजों पर इवेंट आयोजित किए गए। सोमवार को दूसरे दिन 18 इवेंट आयोजित किए जाएंगे। इस फेस्टिवल में फरीदाबाद, पलवल व झज्जर जिले के कॉलेजों से छात्र हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन जनरल डांस इवेंट से फेस्टिवल की शुरुआत हुई। मुख्य स्टेज पर ग्रुप डांस जनरल, क्लासिकल डांस, हरियाणवी स्किट व माइम इवेंट हुए। दूसरे स्टेज पर सिंगल पार्ट पेंटिंग, टीचर वोकल व संस्कृत नाटक, तीसरे स्टेज पर गीत, गजल, भजन, फोक सॉन्ग व क्लासिकल म्यूजिक के तीन इवेंट हुए। चौथे स्टेज पर हिंदी कविता पाठ, डिबेट व हरियाणवी कविता पाठ की प्रतियोगिताएं हुईं। पांचवें स्टेज पर ऑन द स्पॉट पेंटिंग, की नोटिंग, कार्टूनिंग व छठे स्टेज पर संस्कृत संभाषण, संस्कृत श्लोकोच्चारण और उर्दू कविता पाठ की प्रतियोगिताएं हुईं। मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजबीर ने छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए इस तरह के आयोजनों को जरूरी बताया। अग्रवाल शिक्षा प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने कहा कि फेस्टिवल छात्रों को उनकी प्रतिभा निखारने के लिए मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस बार जोनल यूथ फेस्टिवल में सभी प्रतिभागी छात्रों को सर्टिफिकेट दिए जाएंगे।

## जोनल यूथ फेस्टिवल का आगाज, 40 कॉलेजों से 700 छात्र शामिल



सेक्टर-2 अग्रवाल कॉलेज में आयोजित यूथ फेस्टिवल में अपनी प्रस्तुति देते कलाकार

## अलग-अलग राज्यों की दिखी संस्कृति

रविवार को जनरल डांस के इवेंट में देश की अलग-अलग राज्यों की संस्कृति देखने को मिली। अलग-अलग कॉलेजों के छात्रों ने असम के नृत्य, गुजरात के गरबा, पंजाबी डांस, राजस्थान के डांस की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही संस्कृत नाटक में पौराणिक कथाओं की झलक दिखाई दी। कॉलेजों ने अभिज्ञान शाकुंतलम्, रामायण व कैकई संवाद पर आधारित नाटक प्रस्तुत किए। नाटक में छात्रों ने अभिनय के साथ संस्कृत में ही संवाद बोले। हरियाणवी स्किट इवेंट में छात्रों ने लोगों को हंसाने के साथ ही भ्रूण हत्या, बेरोजगारी व लड़कियों के साथ हो रहे अपराधों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। माइम इवेंट काफी रोचक रहा, जिसमें छात्रों ने बिना बोले ही अपने अभिनय के दम पर विश्व शांति, लड़कियों के शोषण को रोकने का संदेश दिया।

## आज होंगे 18 इवेंट

सोमवार को भी सभी छह स्टेज एक्टिव रहेंगी। इन सभी स्टेज पर कुल 18 इवेंट होंगे। दूसरे दिन स्टेज नंबर एक पर हरियाणवी डांस सोलो मेल व फीमेल, हिंदी नाटक, मिमिक्री, दूसरे स्टेज पर ग्रुप सॉन्ग जनरल इंडियन, हरियाणवी आर्केस्ट्रा, तीसरे स्टेज पर वेस्टर्न ग्रुप व सोलो सॉन्ग, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट, चौथे स्टेज पर हरियाणवी कविता पाठ, हिंदी डिबेट व भाषण, पांचवें स्टेज पर पोस्टर मेकिंग, मेहंदी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, कोलाज और छठे पर पंजाबी कविता पाठ होगा।



# रामायण की कहानी से दिया एकजुटता का संदेश

## जोनल यूथ फेस्टिवल में स्टूडेंट्स ने दिखाई प्रतिभा

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

जोनल यूथ फेस्टिवल में रविवार को जनरल डांस के इवेंट में देश की अलग-अलग राज्यों की संस्कृति देखने को मिली। अलग-अलग कॉलेजों के छात्रों ने अवध के नृत्य, कुरु के रसिया, पंजाबी डांस, राजस्थान के डांस की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही संस्कृत नाटक में पौराणिक कथाओं की झलक दिखाई दी। कॉलेजों ने अभिज्ञान शाकुंतलम्, रामायण व कैकई संवाद पर आधारित नाटक प्रस्तुत किए। नाटक में छात्रों ने अभिनय के साथ संस्कृत में ही संवाद बोले। हरियाणवी स्किट इवेंट में छात्रों ने लोगों को हंसाने के साथ ही भ्रूण हत्या, बेरोजगारी व लड़कियों के साथ हो रहे अपराधों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। माइम इवेंट काफी रोचक रहा, जिसमें छात्रों ने बिना बोले ही अपने अभिनय के दम पर विश्व शांति, लड़कियों के शोषण को रोकने का संदेश दिए। माइम में किसी कॉलेज ने रामायण की कहानी प्रस्तुत की तो किसी ने रतन टाटा के जीवन को दिखाया। छात्रों ने क्लासिकल डांस में भी शानदार प्रस्तुत दी। फेस्टिवल की ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ सुप्रिया ढांडा ने मुख्य स्टेज पर मंच संचालन की जिम्मेदारी संभाली। मौके पर एमडी यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर यूथ वेलफेयर डॉ प्रताप राठी, पूर्व डायरेक्टर डॉ जगबीर राठी, डॉ शमशेर सिंह अहलावत, डॉ सुनीत शर्मा के साथ अलग-अलग कॉलेजों के प्रिंसिपल व प्रोफेसर मौजूद रहे।




सेक्टर-2 अग्रवाल कॉलेज में आयोजित यूथ फेस्टिवल में प्रस्तुति देते कलाकार






## छात्रों ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया



दीप प्रज्वलित कर यूथ फेस्टिवल का हुआ शुभारंभ

यूथ फेस्टिवल में इस बार छात्रों को नशा मुक्ति को लेकर भी जागरूक किया गया। सभी प्रतिभागी कॉलेजों को स्लोगन लेखन के लिए नशा मुक्ति टॉपिक दिया गया था। कॉलेजों ने स्लोगन तैयार कर उन्हें एक फ्लैक्स पर लिखकर मेजबान कॉलेज में जमा कराए। इन फ्लेक्स को कॉलेज की मुख्य दीवार पर लगाया गया, जहां अधिक से अधिक छात्रों ने इन्हें देख सके। नशा मुक्ति पर आधारित इन स्लोगनों के माध्यम से छात्रों को जागरूकता संदेश दिया गया।

### सेल्फी पॉइंट रहा आकर्षण का केंद्र

अग्रवाल कॉलेज में लंबे समय के बाद यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इसलिए कॉलेज को काफी अच्छे तरीके से सजाया गया है। कॉलेज में एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। हरियाणा आर्ट एंड क्राफ्ट की थीम पर इस सेल्फी प्वाइंट को कॉलेज की प्रोफेसर उमा चौधरी के नेतृत्व में तैयार किया गया। इसमें हरियाणा के ग्रामीण परिवेश को दिखाया गया। यह सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें छात्रों ने खूब मस्ती की और जमकर फोटो खिंचवाए।



छात्रों ने क्ले मॉडल भी बनाए





बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में जोनल युवा महोत्सव का आगाज, 700 छात्र एवं छात्राओं ने 20 इवेंट्स में हिस्सा लिया

# युवा महोत्सव में विद्यार्थियों ने लोकनृत्य से मन मोहा

आयोजन

फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में जोनल युवा महोत्सव का आगाज रविवार से हुआ। इसमें फरीदाबाद-झज्जर जोन के 40 महाविद्यालयों के 700 छात्र एवं छात्राओं ने 20 इवेंट्स में हिस्सा लिया। युवा महोत्सव का शुभारंभ महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर राजबीर सिंह, उनकी पत्नी डॉ. शरणजीत कौर मुख्य ने दीप प्रज्वलित करके किया। उनके साथ डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. रणदीप राणा भी उपस्थित रहे। इससे पूर्व अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव दिनेश गुप्ता व प्राचार्य डॉ संजीव गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया।

युवा महोत्सव के आयोजन के लिए छह मंच बनाए गए हैं। पहले दिन सभी छह मंचों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सोमवार को दूसरे दिन 18 इवेंट आयोजित किए जाएंगे। युवा महोत्सव की शुरुआत जनरल डांस इवेंट से हुई।



बल्लभगढ़ के अग्रवाल कॉलेज में आयोजित यूथ फेस्टिवल में रविवार को विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। • हिन्दुस्तान

इसके अलावा शास्त्रीय नृत्य, हरियाणवी स्किट व माइम कराया गया। दूसरे मंच पर माता-पिता, अध्यापकों और देश के जवानों को समर्पित गायन व संस्कृत नाटक का मंचन किया गया। वहीं तीसरे मंच पर गीत, गजल, भजन, लोक गीत व शास्त्रीय गीत के तीन इवेंट हुए। चौथे स्टेज पर हिंदी कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी व इंग्लिश कविता पाठ की प्रतियोगिताएं कराई गई। पांचवें मंच पर ऑन द स्पॉट पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग और छठे मंच पर संस्कृत संभाषण, संस्कृत श्लोकोच्चारण और उर्दू कविता पाठ हुए।

कार्यक्रम में दिखी अलग संस्कृतियों की पहचान : मुख्य मंच पर हुए जनरल डांस में देश के राज्यों की संस्कृति देखने को मिली। कॉलेजों के छात्रों ने अवध के नृत्य, बृज के रसिया, पंजाबी व राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं संस्कृत नाटक में पौराणिक कथाओं की झलक दिखाई दी। कॉलेजों ने अभिज्ञान शाकुंतलम, रामायण व कैकई संवाद पर आधारित नाटक प्रस्तुत किए। इसके अलावा हरियाणवी स्किट में छात्रों ने लोगों को हंसाने के साथ ही भ्रूण हत्या, बेरोजगारी व लड़कियों के साथ हो रहे अपराधों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।

आज होंगे यह कार्यक्रम: युवा महोत्सव में सोमवार को कुल 18 कार्यक्रम कराए जाएंगे। मंच एक पर हरियाणवी एकल नृत्य, हिंदी नाटक, मिमिक्री, दूसरे मंच पर समूह गान, हरियाणवी आर्केस्ट्रा, तीसरे मंच पर वेस्टर्न ग्रुप व सोलो सॉन्ग, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट चौथे मंच पर हरियाणवी कविता पाठ, और पांचवें मंच पर पोस्टर मेकिंग, मेहंदी, छठे स्टेज पर पंजाबी कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

## सभी प्रतिभागियों को मिलेंगे प्रमाणपत्र

एमडीयू के कुलपति प्रोफेसर राजबीर ने युवा महोत्सव संस्कृति और उर्दू भाषा को जीवित रखने का काम कर रहा है। संस्कृत भाषा विलुप्ति के कगार है। छात्रों को भी इस भाषा के बारे में जानने, सीखने एवं समझने का अवसर मिलता है। देवेंद्र गुप्ता ने कहा कि युवा महोत्सव छात्रों को उनकी प्रतिभा निखारने के लिए मंच प्रदान करता है।

## नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया

इस बार छात्रों को नशा मुक्ति को लेकर भी जागरूक किया गया। सभी प्रतिभागी कॉलेज स्लोगन लेखन के लिए नशा मुक्ति टॉपिक दिया गया था। कॉलेज ने स्लोगन तैयार कर उन्हें एक फ्लैक्स पर लिखाकर मेजबान कॉलेज में जमा कराए। इन फ्लैक्स को कॉलेज की मुख्य दीवार पर लगाया गया, जहां अधिक से अधिक छात्रों ने इन्हें देख सके।

## रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि

युवा महोत्सव के पहले दिन माइम इवेंट में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। इसमें छात्रों ने बिना बोले रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान छात्रों ने उनके जीवन के संघर्ष और उनकी उपलब्धियों को माइम के माध्यम से दिखाया।

# युवा महोत्सव की शुरुआत, विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

## पहले दिन छह मंच पर आयोजित किए गए कार्यक्रम, छात्रों ने दिया विश्व शांति का संदेश, आज पेश किए जाएंगे 18 इवेंट

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद: बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कालेज में रविवार से जोनल युवा महोत्सव की शुरुआत हो गई। फरीदाबाद-झज्जर जोन के 40 कालेजों के 700 छात्र और छात्राएं 20 इवेंट में हिस्सा लेकर तीन दिनों तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। युवा महोत्सव का शुभारंभ महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक के कुलपति प्रोफेसर राजबीर सिंह, उनकी पत्नी डा शरणजीत कौर ने अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता संग दीप प्रज्वलित करके किया। उनके साथ डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. रणदीप राणा भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

**प्रस्तुति के लिए बनाए गए छह मंच:** युवा महोत्सव के आयोजन के लिए छह मंच बनाए गए हैं। पहले दिन सभी छह मंचों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सोमवार को दूसरे दिन 18 इवेंट आयोजित किए जाएंगे। युवा महोत्सव की शुरुआत जनरल डांस इवेंट से हुई। शास्त्रीय नृत्य, हरियाणवी स्किट व माइम कराया गया।

दूसरे मंच पर माता-पिता, अध्यापकों और देश के जवानों को समर्पित गायन व संस्कृत नाटक का मंचन किया गया। तीसरे मंच पर गीत, गजल, भजन, लोक गीत व शास्त्रीय गीत के तीन इवेंट हुए। चौथे स्टेज पर हिंदी कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी व इंग्लिश कविता पाठ



फरीदाबाद-झज्जर जोन के युवा महोत्सव का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक के कुलपति प्रोफेसर राजबीर सिंह, उनकी पत्नी डा. शरणजीत कौर व अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के चेयरमैन देवेंद्र गुप्ता • जागरण



बल्लभगढ़ अग्रवाल कालेज में आयोजित युवा महोत्सव में पहले दिन सरस्वती वंदना के दौरान नृत्य करती छात्राएं • संजय शर्मा



आज अवध में राम आए हैं। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण होने की खुशी में युवा महोत्सव में भक्ति गीत प्रस्तुति के दौरान इस तरह से हुई पुष्प वर्षा • जय शर्मा



अग्रवाल कालेज में रविवार को आयोजित युवा महोत्सव में क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेती युवती • जागरण



महोत्सव में छात्रा द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति का दृश्य • जागरण